# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

सरकार ने आज से वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के तहत शोधपत्रों, जरनलों और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना है। इस योजना से अलग–अलग जगह सब्सक्रिप्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ज्ञान सबको सुलभ होगा। इससे देश भर के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संस्थानों को लाभ होने की संभावना है। विश्वविद्यालयों और आईआईटी सहित सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों के एक करोड 80 लाख विद्यार्थियों को इस पहल के अंग के रूप में दुनिया भर के शीर्ष जरनल में प्रकाशित शोध पत्रों को देखने की सुविधा मिलेगी। इस पहल के पहले चरण के तहत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, मेडिसिन, गणित, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और मानवविज्ञान से संबंधित 13 हजार 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय जर्नलों को शोधार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में शामिल हुए। श्री योगी ने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी तक हर हाल में बैठक संपन्न कर लें। छह से 10 जनवरी तक सभी स्कूलों–कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर माह जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हो। जनपद स्तर पर हुए कार्यों की प्रगति को लेकर हर तीसरे महीने शासन स्तर पर मूल्यांकन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन जनपदों व स्थलों को चिह्नित करें, जहां अधिक दुर्घटनाएं संभावित हैं। इसके लिए कारणों का पता करते हुए इसके समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए।

**********

नए वर्ष का उत्सव हर्षोल्लास के वातावरण में आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन कर मंगलकामना कर रहे हैं। गोरखपुर में भी नववर्ष को धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही लोग गोरखनाथ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट

**गोरखपुर जनपद में लोग नया साल उत्साह और उमंग के साथ आज मना रहे हैं। गोरखनाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा गोरखनाथ के दर्शन पूजन के लिए देखने को मिली। साथ ही खिचड़ी महापर्व को लेकर लगने वाले मेले का भी अनौपचारिक रूप से आज शुभारंभ कर दिया गया। मेले में लोगों ने मनोरंजन के साधनों के साथ खरीददारी करते हुए व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। वहीं दूसरी तरफ तारामंडल क्षेत्र के नौका विहार में लोग रामगढ़ ताल के किनारे जश्न मनाये। साथ ही शहीद अशफाक उल्ला खान प्राणी उद्यान चिड़ियाघर में लोगों ने नए साल के पहले दिन खूब मस्ती की।**

उधर, अयोध्या में प्रभु राम लला, मथुरा में बांके बिहारी, वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम, मीरजापुर में विंध्यवासिनी धाम और बलरामपुर में देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी सुबह से नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालु अपने अपने आराध्य की पूजा अर्चना कर रहे हैं। शासन की ओर से श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसी क्रम में कुशीनगर में जापान, कनाडा, थाईलैंड, म्यांमार तथा श्रीलंका सहित अनेक देशों के विदेशी पर्यटकों सहित पड़ोसी राज्य बिहार से आये हजारों सैलानी नये साल का जश्न धूमधाम से मना रहे हैं।

**********

प्रदेश सरकार की ओर से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं, उद्यमी और युवा, आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत प्रदेश में निर्धारित 14 इन्क्यूबेशन सेंटर/कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना पूरी हो चुकी है। इनकी परियोजना लागत 47 करोड़ रुपये है, जिसके अंतर्गत अत्याधुनिक प्लांट और मशीनरी की आपूर्ति की जा रही है। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अनुमान है कि इन केंद्रों के माध्यम से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग 15,000 महिलाओं को लाभ मिलेगा।

**********

मिशन शक्ति अभियान फेज–पांच के अंतर्गत आज नारी सुरक्षा दल ने बलरामपुर में महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, महिला अधिकारों और महिला कानून के प्रति जागरूक किया।

**********

आज पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के विभिन्न भागों में कोहरे और गलन भरी ठण्ड से आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। गोरखपुर सहित विभिन्न पूर्वी जिलों में धूप नहीं निकली और गलन भरी ठण्ड पड़ती रही। बर्फीली हवाएं चलने के कारण लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने कल भी प्रदेश के कई जनपदों में शीतलहर की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा और कई जनपदों में कोहरा पड़ने का अनुमान है। शीत दिवस जैसी स्थिति भी बनी रहेगी।

**********